महत्वपूर्ण एवं खास

नक्सली धमकी से अबुझमाड़ के 9 गांवों में पसरा रहेगा अंधेरा

जगदलपुर (आरएनएस)। संभाग के नारायणपुर जिला अंतर्गत बसे अबुझमाड़ के क्षेत्र को नक्सलियों द्वारा अंधेरे में ही रखे जाने की कोशिश की जा रही है और इस सिलसिले में उन्होंने ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत अबुझमाड़ के 9 गावों तक विद्युत विस्तार करने की शासन की प्रक्रिया को रोकने का निर्देश दिया है। नक्सलियों ने इस कार्य में लगे ठेकेदार को कार्य नहीं करने के निर्देश भी दिये हैं। नक्सलियों की इस चेतावनी से विद्युत विस्तार का कार्य ठप पड़ गया है और पिछले दो वर्षों से इन गांवों में प्रकाश की किरण नहीं पहुंच पाई है। जानकारी के अनुसार अबुझमाड़ के ओरछा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम ज्योति योजना के क्रियान्वयन के लिए जब 56 गांवों का विद्युती करण का कार्य शुरू हुआ तो संबंधित ठेकेदार ने कार्य करते हुए अंचल के अनेक गांवों को बिजली पहुंचाई वहीं अंचल के मेटानार व कुतुल गांव तक जब कार्य शुरू किया गया तो नक्सलियों ने इसे बंद करवा दिया। अन्यथा परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी। इसके बाद से ही अबुझमाड़ में चारों तरफ बिजली पहुंचाने की कोशिश अवरूद्ध हो गई है और गांव में अंधेरा पसरा हुआ है।

लाखेनगर से लड़का लापता

परिजनों ने अपहरण की आशंका जतायी

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के लाखेनगर इलाके से एक लड़का लापता हो गया है, जिसकी सूचना लड़के के परिजनों ने पुरानी बस्ती थाने में दी है। परिजनों ने आशंका जतायी है कि उसका किसी ने अपहरण कर ले गया है। लापता लड़के की मां ने कल देर शाम को थाने पहुंचकर सूचना दी कि उसका 17 वर्षीय लड़का लापता है। प्रार्थियां ने आशंका जतायी है कि अज्ञात व्यक्ति ने उसे अपहरण कर ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर फिलहाल गुम इंसान का मामला दर्ज किया है।

अब पेट्रोल में केरोसिन के स्थान पर हो रही पानी की मिलावट

प्रशासनिक छापेमारी की कमी से बढ़ रही है मुसिबतें

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश की राजधानी में भी पेट्रोल में पानी के मिलावट की पुष्टि हुई है। वैसे ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल में पानी या केरोसिन ऑयल मिलाए जाने की बात आम हो गई है, लेकिन राजधानी क्षेत्र में पेट्रोल के स्थान पर पानी मिलाए जाने बात बेहद गंभीर है। हालांकि केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने पेट्रोल को अधिक उपयोगी और पतला बनाने एथेनाल मिलाए जाने की बात कही थी लेकिन राजधानी क्षेत्र के पेट्रोल पम्पों में पानी मिलाकर उपभोक्ताओं की जेब काटने की नीयत किसी अपराध से कम नहीं है। पेट्रोलियम पदार्थों पर लगातार हो रही मिलावट के चलते उपभोक्ताओं में असुरक्षा एवं आक्रोश की भावना पनपने लगी है।

राहुल गांधी 28 को आ सकते है छग प्रवास पर

रायपुर और बस्तर में होंगी किसान सभाएं

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी 28 जनवरी को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ सकते है। वे यहां रायपुर और बस्तर संभाग में किसान सभा में शिरकत कर सकते है।

ट्रक एवं कार ने सायकिल व बाईक को मारी टक्कर

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने सायकिल सवार व बाईक चालक टक्कर मार देने की रिपोर्ट उरला एवं गंज थाने में दर्ज करायी गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279,337 के तहत अपराध कायम किया है। मिली जानकारी के अनुसार सूर्यानगर गुढ़ियारी निवासी रोशनलाल यादव 28 वर्ष पिता बंशीलाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि झाबक पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक यूपी 75-एटी 5389का चालक ने सायकिल से जा रहे मुंजरर बंशीलाल यादव को टक्कर मार दिया।

उत्तराखंड से 1232 जाएंगे हज पर

रुडकी (आरएनएस)। पिरान कलियर हज हाउस में राज्य से हज पर जाने वाले हाजियों के चयन के लिए हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई के द्वारा ऑनलाइन कुर्राअन्दाजी (लॉटरी) की गई। इसका हज कमेटी अध्यक्ष हाजी राव शेर मोहम्मद ,विधायक हाजी फुरकान अहमद ने बटन दबाकर शुभारम्भ किया।

लोकसभा चुनाव के लिये कांग्रेस ने बनाई 5 महत्वपूर्ण समितियां

भूपेश बघेल बने प्रदेश चुनाव समिति के चेयरमेन

रायपुर (आरएनएस)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा चुनावों हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लिये पांच समितियों का गठन किया है। ये समितियां है प्रदेश चुनाव समिति, प्रदेश चुनाव अभियान समिति, चुनाव समन्वय समिति, मीडिया समन्वय समिति, चुनाव प्रकाशन समिति है। प्रदेश चुनाव समिति - भूपेश बघेल चेयरमेन, मोतीलाल वोरा, टी.एस. सिंहदेव, अरविंद नेताम, धनेन्द्र साहू, रविन्द्र चौबे, सत्यनारायण शर्मा, मोहम्मद अकबर, देवती कर्मा, डॉ. शिव कुमार डहरिया, फ्रंटल संगठनों के सभी राज्य प्रमुख। प्रदेश चुनाव अभियान समिति - भूपेश बघेल चेयरमेन, टी.एस. सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू, छाया वर्मा, कवासी लखमा, धनेन्द्र साहू, रविन्द्र चौबे, मोहम्मद अकबर, सत्यनारायण शर्मा, रूद्र गुरू, चिंतामणी महाराज, अमितेष शुक्ल, पुष्पा देवी सिंह, रामपुकार सिंह, मनोज मंडावी, राजेन्द्र तिवारी, डॉ. शिवकुमार डहरिया, देवती कर्मा, करूणा शुक्ला, महंत राम सुंदर दास, गंगा पोटाई, प्रेमसाय सिंह, अरूण वोरा, जयसिंह अग्रवाल, गुरूमुख सिंह होरा, कृष्ण कुमार यादव, धनेश पाटिला, अमरजीत भगत, गुरू बाल दास, लखेश्वर बघेल, पी.आर. खुंटे, अरविंद नेताम, किरणमयी नायक, अरूण भद्रा, इदरीश गांधी।

छत्तीसगढ़ संगीत कला शिक्षण संघ का राज्य स्तरीय अधिवेशन 19 को

17 सूत्रीय मांगों के लेकर कलाकारों के मध्य होगा गहन विचार विर्मश

रायपुर (आरएनएस)। संगीत कला को शिक्षा नीति में शामिल किया जाने के लिए संगीत कला शिक्षण मंच का राज्य स्तरीय सम्मेलन रंग मंदिर रायपुर में 19 जनवरी को आयोजित किया गया है। मंच का मुख्य उद्देश्य संगीत एवं कला को शिक्षा नीति में शामिल किया जाने, कलाकारों को उनकी प्रदर्शन कला के लिए अवसर प्रदान किया जाने, कलाकारों को नियमित रोजगार उपलब्ध कराये जाने एवं इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से स्नातक एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण विद्यार्थियों को संगीत एवं कला के शिक्षक के रुप में शासकीय विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नियमित रोजगार



(शासकीय नियुक्ति) उपलब्ध करवाना है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर आयोजित पत्रकार वार्ता में मंच के अध्यक्ष संजय गिजरे, सचिव चंद्रभूषण वर्मा एवं गायिका डॉ. नीता शर्मा ने संयुक्त रुप से दी। वार्ताकारों ने बताया कि प्रदेश निर्माण के 18 वर्षों बाद भी कलाकारों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है। राज्य में होने वाले उत्सवों में यहां के कलाकारों को संस्कृति विभाग द्वारा उपेक्षित किया जाता है एवं अन्य राज्यों के कलाकारों को अच्छी खासी राशि देकर यहां प्रस्तुति देने का अवसर दिया जाता है। मंच की इच्छा है कि कलाकारों को एकदूसरे राज्यों में जाकर अपनी संस्कृति एवं कला को प्रदर्शित करने का अवसर मिलना चाहिये। प्रदेश के कलाकार अन्य राज्यों में जाये और अन्य राज्यों के कलाकारों को भी समान अवसर उपलब्ध कराना छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग के आला अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

राज्य सरकार का हर विभाग जनता की मदद के लिए: भूपेश बघेल

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य शासन का प्रत्येक विभाग आम जनता की सहायता के लिए हैं। जनता के काम अटकाने या परेशान करने के लिए नहीं। विभागों को अपनी कार्य संस्कृति में पेशेवर रूख (प्रोफेशनल एप्रोच) अपनाकर और जनता की सुविधा को ध्यान में रखकर काम करना होगा।

मुख्यमंत्री आज यहां छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित अभिनन्दन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने व्यापारी संगठनों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार प्रदेश में उद्योग और व्यापार के लिए अच्छा वातावरण और सुरक्षा उपलब्ध कराएगी। उन्होंने उद्योगपतियों और व्यापारियों से लघु वनोपज, उद्यानिकी फसलों और कृषि उत्पादों पर आधारित छोटे-छोटे उद्योगों की स्थापना का आव्हान किया। बघेल ने कहा कि उद्योगों की स्थापना के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह, विधायक सर्वसत्यनारायण शर्मा, कुलदीप जुनेजा और विकास उपाध्याय रायपुर नगर निगम के पूर्व महापौर किरणमयी नायक विशेष अतिथि के रूप में समारोह में उपस्थित थीं। चेम्बर के पदाधिकारियों द्वारा शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया। प्रदेश के विभिन्न व्यापारी संगठनों, विभिन्न जिलों से आए व्यापारी प्रतिनिधि मंडलों, चेम्बर की महिला शाखा और युवा शाखा द्वारा मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया गया। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंट कर उनका अभिनन्दन किया गया।

परिजनों को नींद की गोली खिला प्रेमियों से मिलने पहुंची प्रेमिकाएं

रुड़की। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र में दो किशोरियों ने परिजनों को खाने में नींद की गोली दे दी। इसके बाद किशोरियां अपने प्रेमियों से मिलने जा पहुंची। सुबह परिजनों को मामले की जानकारी मिलने पर हंगामा हो गया। प्रेमी फरार हो गए और गुस्साए परिजनों ने प्रेमी के साथी का कॉलेज से लौटते वक्त अपहरण का प्रयास किया। पुलिस ने छात्र से मारपीट करने के आरोप में एक युवक को हिरासत में लिया है। नींद की गोली के असर से परिवार के एक सदस्य की तबीयत बिगड़ गई। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी दो किशोरियों का पड़ोस में किराये पर मकान लेकर निजी कॉलेज से पढ़ाई कर रहे युवकों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मंगलवार रात किशोरियों ने परिजनों को खाने में नींद की गोली डाल दी। परिवार के बेहोश होने पर दोनों रात करीब एक बजे प्रेमियों से मिलने पहुंच गई। सुबह परिवार को होश आने पर किसी तरह उन्हें मामले की जानकारी मिलने पर हंगामा खड़ा हो गया। गुस्साए परिजन प्रेमियों को पकड़ने के लिए उनके कमरे पर पहुंचे।

डॉ.रमन सिंह बने बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

रायपुर (आरएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। अमित शाह ने डॉ. सिंह के अलावा मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को भी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है।

पुलिसकर्मियों से आफिस कार्य कराना उचित नहीं : डीजीपी

ऐसे कार्य में लगे कर्मचारियों को तत्काल किया जाए वापस

रायपुर (आरएनएस)। राज्य के पुलिस प्रमुख ने विभिन्न कार्यालयों में अटैच कर्मचारियों को उनके मूल कार्य में लगाने हेतु एक बार फिर से प्रदेश भर के पुलिस अधीक्षकों को पत्र जारी किया है।

पुलिस मुख्यालय से जारी इस पत्र में फोर्स की मॉनिटरिंग करने की बात कहते हुए प्रदेश के समस्त पुलिस अधीक्षकों, समस्त सेनानियों को कहा गया है कि सहायक उपनिरीक्षक, एपीसी, प्रधान और आरक्षकों को मौखिक या लिखित रूप से संबद्ध कर कार्य लिया जाता अथवा कार्यालय में लिपिकों के सहायक के रूप में आरक्षक, प्रधान आरक्षक को लगाया जाता है जो उचित नहीं ह, जो आरक्षक, प्रधान आरक्षक जीडी कार्य के लिए भर्ती हुए हैं उनसे जीडी का ही कार्य लिया जाए।

अतः निर्देशित किया जाता है कि कार्यालयों में उपरोक्त स्तर के कर्मचारी कार्य कर रहे हों तो उन्हें तत्काल रिलीव कर उनके मूल पदस्थापना स्थल व कार्य में लगाएं।

तहसील कार्यालय के रीडर निलंबित

महासमुंद (आरएनएस)। बसना तहसील कार्यालय में 1 जनवरी 2019 को सेवानिवृत्त तहसीलदार द्वारा पिछली तारीखों पर अपना सील मुहर का दुरुपयोग करने के मामले कलक्टर ने सेवानिवृत्त तहसीलदार लक्ष्मण मिश्रा को तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

वहीं सेवानिवृत्त तहसीलदार को राजस्व प्रकरणों को उपलबध कराने मामले में रीडर लक्ष्मण बरिहा को निलंबित किया गया।

नक्सलियों के लगाए आईईडी की चपेट में आने से मवेशी की मौत

बीजापुर (आरएनएस)। नक्सलियों द्वारा लगाये गए आईईडी की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गई है, जवानों को निशाना बनाने नक्सलियों ने लगाया था आईईडी। जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र के कुम्हारपारा में जवानों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने आईईडी लगाया था ,किन्तु इस आईईडी के चपेट मवेशी के आने से मवेशी की मौत हो गई है। जवान अक्सर इस मार्ग पर गश्त सर्चिंग में निकलते रहते हैं, जिन्हें निशाना बनाने के लिए इस आईईडी को नक्सलियों ने प्लांट किया था।

स्कूल जाते समय कार से छात्रा का अपहरण

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के मॉल थाना क्षेत्र से एक छात्रा का अपहरण की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। आरोप है कि एसयूवी कार सवार बदमाशों ने छात्रा को अगवा कर लिया। इलाके में छात्रा के अपहरण होने की सूचना से सनसनी फैल गई। पिता ने रिश्तेदारों पर अगवा करने का आरोप लगाया। पुलिस ने घरवालों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ़्तारी के लिए उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है। माल थाना प्रभारी विनोद कुमार गोस्वामी ने बताया कि पिता की तहरीर पर जीतेंद्र कुमार, सुनील कुमार, दिवाकर, रेनू को नामजद करते हुए दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

सुबह अचानक नाका थाना पहुंचे डीजीपी, पुलिसकर्मियों के हाथपांव फूले

लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह गुरुवार की सुबह तड़के अचानक राजधानी लखनऊ के नाका थाना पहुंच गए। डीजीपी के पहुँचते ही पुलिस कर्मियों के हाथपांव फूल गए। हालांकि नाका थाना में डीजीपी को सभी पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद मिले।

डीजीपी ने पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याएं पूछी और ड्यूटी के दौरान सतर्कता संबंधी दिशा निर्देश दिए। यहां डीजीपी के पहुंचने से पुलिसकर्मी काफी उत्साहित भी दिखे। थाना में पांच मिनट रुकने के बाद डीजीपी नत्था तिराहा स्थित पुलिस बूथ पहुंचे और अपनी ड्यूटी में एक दम मुस्तैद पुलिसकर्मियों से उनका हालचाल लिया। औचक निरीक्षण में थाने के अंदर सब कुछ व्यवस्थित रखा था। इससे डीजीपी काफी खुश हुए और उन्होंने प्रभारी निरीक्षक का हौसला बढ़ाया।

गोविंदा को टक्कर देने की तैयारी में वरुण धवन, बनेंगे कुली नंबर 1!

यह तो सभी जानते हैं कि डेविड धवन अपने दोनों बेटों यानी रोहित और वरुण धवन के साथ मिलकर अपना खुद का प्रॉडक्शन हाउस खोलने जा रहे हैं। इस प्रॉडक्शन हाउस के बैनर तले वे सबसे पहले जिस फिल्म का रीमेक बनाएंगे उसका नाम है कुली नंबर 1।

रिपोर्ट्स के अनुसार, पहले डेविड धवन बीवी नंबर 1 का भी

रीमेक बनाना चाहते थे, लेकिन अब वह कुली नंबर 1 के साथ शुरुआत करना चाहते हैं। इस रीमेक को वाशु भागनानी प्रड्यूस करेंगे। वाशु ने ओरजिनल फिल्म यानी कुली नंबर 1 को भी प्रड्यूस किया था। उस फिल्म में ऐक्टर गोविंदा ने कुली का लीड किरदार निभाया था। वहीं कहा जा रहा है कि फिल्म में लीड रोल में वरुण धवन होंगे। हालांकि लीड हिरोइन कौन होगी, यह अभी तक तय नहीं किया गया है। बात करें वरुण धवन की फिल्मों की, तो वह पिछले साल रिलीज़ हुई फिल्म सुई धागा में नज़र आए थे। इन दिनों वह अभिषेक वर्मन की फिल्म कलंक की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके अलावा आलिया भट्ट, माधुरी दीक्षित, सोनाक्षी सिन्हा, आदित्य रॉय कपूर, संजय दत्त, कुणाल खेमू, मुकेश ऋषि, मीरा चोपड़ा, कियारा आडवाणी और कृति सेनन जैसे कई स्टार्स हैं।

यह फिल्म 19 अप्रैल को रिलीज़ होगी।

मेमोरी के लिए घातक है अधूरी नींद

भाग दौड़ भरी से लोगों की याददाश्त पर काफी असर पड़ रहा है। जल्दबाजी में हम काफी अहम चीजों को कमजोर याददाश्त की वजह से भूल जाते हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक एक अच्छी नींद ही तेज दिमाग की चाबी है। उनका कहना है कि अच्छी नींद लेने के बाद हम उन तथ्यों को याद रख सकते है जो हम कभी-कभार जागते हुए भी याद नहीं रख पाते हैं। नींद के कारण न सिर्फ हम अपनी याददाश्त को सुरक्षित रख पाते हैं, बल्कि इसे आसानी से दोहराया भी जा सकता है। हम भाग-दौड़ में काफी अहम चीजों को कमजोर याददाश्त के कारण भूल जाते हैं।

अच्छी अच्छी नींद तेज दिमाग की चाबी

शोधकर्ताओं के मुताबिक एक अच्छी नींद ही तेज दिमाग की चाबी है। नींद के कारण हम अपने दिमाग में छिपी कई चीजों को याद कर सकते हैं, अच्छी नींद की वजह से याददाश्त को बरकरार रखने ऊर्जा मिलती है, उससे ये संकेत मिलते हैं कि कुछ बातें सारी रात नींद के दौरान और भी तेज याद रहती है। यह इस धारणा का समर्थन करता है कि सोते हुए हम महत्वपूर्ण जानकारियों का अभ्यास करते हैं। जहां एक स्थिति में लोग 12 घंटे तक जागने की वजह से कुछ जानकारियों को भूल जाते हैं, वहीं दूसरी स्थिति में रातभर की नींद से हम उन जानकारियों को आसानी से याद कर पाते हैं, जिन्हें शुरुआती तौर में जागते हुए याद करने में एक हफ्ते का समय लगता है।

डॉक्टरों के मुताबिक मस्तिष्क में टेम्पोरल लोब की एक आंतरिक संरचना हिप्पोकैम्पस के ही वजह से याददाश्त को बनाए रखने में ओर बढ़ावा मिलता है, यह इंसान के मस्तिष्क में दबी हुई बातों को बाहर निकालता है और उन्हें मूल रूप से दिमाग के उसी छिपे हुए स्थान पर फिर से रीप्ले करता है।

हमें वास्तव में उम्मीद है कि दर्शकों को फिल्म पसंद आएगी:यामी

अभिनेत्री यामी गौतम, जो अपनी आगामी फिल्म 'उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक' के लिए तैयार हैं, ने कहा है कि भारतीय फिल्म उद्योग में देशभक्ति से प्रेरित फिल्में कम बनती हैं।

यामी 'उरी' के अपने सह-अभिनेता विक्की कौशल के साथ फिल्म के प्रचार के लिए एक रेडियो स्टेशन पहुंची।

फिल्म 2016 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारतीय सेना द्वारा की गई सर्जिकल स्ट्राइक पर आधारित है, जो उरी हमले के प्रतिशोध में की गई थी।

यामी ने कहा, ''हम वैसे भी देशभक्ति से प्रभावित कम ही फिल्में बनाते हैं, इसलिए लंबे समय बाद दर्शक इस तरह की फिल्म देखेंगे, जो बेहद महत्वपूर्ण घटना पर आधारित है। हमें वास्तव में उम्मीद है कि दर्शकों को फिल्म पसंद आएगी।''

फिल्म के ट्रेलर पर दर्शकों की प्रतिक्रिया के बारे में यामी ने कहा, ''हमारी टीम के भीतर फिल्म की रिलीज को लेकर घबराहट और उत्साह दोनों है।

सूर्यवंशी में अक्षय कुमार संग रोमांस करेंगी पूजा हेगड़े?

डायरेक्टर रोहित शेट्टी की फिल्म सिंबा बॉक्स ऑफिस पर जमकर दहाड़ मार रही है और रोहित आराम फरमाने के बजाय

अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में जुट गए हैं। रोहित अक्षय कुमार को लेकर फिल्म सूर्यवंशी बना रहे हैं। जिन लोगों ने सिंबा देखी है, उन्होंने देखा होगा कि फिल्म के आखिर में रोहित अक्षय कुमार के साथ सूर्यवंशी की घोषणा करते हैं।

यह पहली बार है जब रोहित शेट्टी और अक्षय कुमार एक साथ किसी फिल्म में काम करने जा रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल अप्रैल से शुरू होगी और अब इस फिल्म के लिए हिरोइन की तलाश की जा रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सूर्यवंशी में अक्षय के ऑपोजिट पूजा हेगड़े नजर आ सकती हैं। कहा जा रहा है कि अक्षय ने रोहित शेट्टी को पूजा हेगड़े का नाम सजेस्ट किया है।